





## महापौर ने पूर्व सैनिकों से साथ मनाया कारगिल विजय दिवस



**रतलाम।** महापौर प्रहलाद पटेल ने रविवार को कारगिल विजय दिवस विनोबा नगर स्थित कारगिल उद्यान में क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती धीरजकुवंर राठौर, नव नियुक्त एल्डरमेन नारायण सांकला, पार्षद प्रतिनिधि किशोरसिंह राठौर, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल हरमीत सिंह, 21 एम.पी. एन.सी.सी. बटालियन के कमाण्डिग आफिसर कर्नल राघवेन्द्र सिंह व पूर्व सैनिकों के साथ हर्षोल्लास से मनाया। अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के प्रांतीय सचिव नायब सुबेदार सुरेन्द्रसिंह वाघेला ने आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्पमाला व पुष्प गुच्छ से किया। अतिथीयों का स्वागत अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद जिला ईकाई रतलाम के वरिष्ठ सैनिक प्रान्तीय सचिव नायब सुबेदार सुरेन्द्र सिंह वाघेला, अध्यक्ष हवलदार विक्रम वाघेला, नायब सुबेदार ईश्वर सिंह राठौर, सुबेदार मेजर तुलसीराम वर्मा सुबेदार मेजर महेन्द्र सिंह गोहिल ने किया। महिला अतिथीयों का स्वागत सैन्य मातृशक्ती की सदस्या श्रीमती निशा वाघेला, श्रीमती मिथिलेश राठौर एवं श्रीमती पुष्पेन्द्र सिसौदिया व्दारा किया गया। तत्पश्चात सभी ने मिलकर पूर्व सैनिक संगठन गीत गाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद अतिथीयों, पूर्व सैनिकों, सैन्य मातृशक्ती की सदस्यों एवं स्थानीय नागरिकों व्दारा कारगिल आपरेशन में शहीद हुए शहीदों को पुष्पाजंली अर्पित की गई।

## रतलाम के गौरव मुनि चन्द्रयश विजयजी मसा का भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश



**रतलाम।** धर्म प्रभावना, संयम साधना और आध्यात्मिक जागृति के अद्वितीय प्रेरणास्रोत, त्रिस्तुतिक जैन परंपरा के प्रख्यात संत, आचार्यदेव हेमेंद्र सुरीश्वर जी म.सा. के अंतेवासी शिष्यरत्न एवं आचार्यदेव श्री ऋषभचंद्र सुरीश्वर जी म.सा. के समुदायवर्ती, रतलाम नगर के गौरव, परम पूज्य मुनिराज श्री चन्द्रयश विजय जी म.सा. तथा मुनिराज श्री जिनभद्र विजय जी म.सा. आदि ठाणा का वर्ष 2026 का पावन चातुर्मास गुरुदेव श्री राजेन्द्र सुरिश्वर जी म.सा. की पावन समाधि स्थली श्री मोहनखेड़ा तीर्थ पर संपन्न होगा। इसी क्रम में सोमवार, 27 जुलाई 2026 को प्रातः 8:30 बजे मोहनखेड़ा तीर्थ की पुण्यधरा पर मुनिश्री का भव्य चातुर्मासिक मंगल प्रवेश देशभर से पधार रहे हजारों श्रद्धालुओं, संतभक्तों एवं जैन श्रीसंघों की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न होगा। यह अवसर केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि श्रद्धा, संयम, तप और गुरु भक्ति का विराट महापर्व बनने जा रहा है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मालवा अंचल के रतलाम, जावरा, खाचरोद, नागदा, आलोट, महिदपुर, थांदला, बढ़नगर, इंदौर, उज्जैन, टांडा, बाग एवं कुक्षी सहित मुंबई, हैदराबाद तथा राजस्थान के मारवाड़, भीनमाल, आहोर, गुड़ा, बालोतरा, सायला, नाकोड़ा सहित अनेक नगरों से बड़ी संख्या में श्रीसंघ, श्रावक-श्राविकाएं एवं गुरु भक्त मोहनखेड़ा तीर्थ पहुंच रहे हैं। तीर्थ परिसर में भक्तों के आगमन का सिलसिला निरंतर जारी है। मुनिराज श्री चन्द्रयश विजय जी म.सा. अपने ओजस्वी प्रवचनों, सिद्धितप की प्रेरणा, शास्त्रज्ञान, संयममय जीवन एवं प्रभावशाली धर्मप्रभावना के कारण देशभर के जैन समाज में विशेष श्रद्धा और सम्मान के पात्र हैं। उनके सान्निध्य में आयोजित होने वाला चातुर्मास श्रद्धालुओं के लिए आत्मचिंतन, स्वाध्याय, तप, आराधना और संस्कार संवर्धन का अनुपम अवसर रहेगा। मोहनखेड़ा तीर्थ पर आयोजित इस ऐतिहासिक मंगल प्रवेश को लेकर समाज में अभूतपूर्व उत्साह का वातावरण है। आयोजन को भव्य एवं सुव्यवस्थित बनाने के लिए व्यापक तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। तीर्थ परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया है तथा देशभर से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत की विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। हेमंत मूणत ने सभी धर्मप्रेमी श्रद्धालुओं से आग्रह किया है कि वे अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होकर परम पूज्य मुनिश्री के मंगल प्रवेश के साक्षी बनें, गुरु वंदना का लाभ लें तथा इस पावन चातुर्मास के माध्यम से धर्म आराधना, संयम और आत्मकल्याण की प्रेरणा प्राप्त करें।

## चलने-फिरने में लाचार मरीज को मिला नया जीवन

**रतलाम।** जिला चिकित्सालय रतलाम के चिकित्सकों ने एक जटिल अस्थि शल्य चिकित्सा कर चलने-फिरने में असमर्थ युवक को नया जीवन दिया है। सिविल सर्जन डॉ. ए.पी. सिंह ने बताया कि बांसवाड़ा जिले के ग्राम छायन बड़ी निवासी 24 वर्षीय गोरधन पिता नानजी का पिछले वर्ष अक्टूबर में सड़क दुर्घटना में पैर गंभीर रूप से घायल हो गया था। प्राथमिक उपचार के बाद जिला चिकित्सालय बांसवाड़ा एवं एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराया गया, लेकिन पैर सही नहीं जुड़ पाया। लगातार तीन माह उपचार के बाद भी स्थिति बिगड़ती गई, पैर टेढ़ा हो गया और चलने-फिरने में गंभीर परेशानी होने लगी। बाद में उन्हें उदयपुर या जयपुर रेफर कर दिया गया। करीब छह से सात माह तक परेशानी झेलने के बाद गोरधन को जिला चिकित्सालय रतलाम में पदस्थ अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. भरत निनामा के बारे में जानकारी मिली। इसके बाद वह उपचार के लिए रतलाम पहुंचे। यहां डॉ. भरत निनामा एवं डॉ. अभिनव जैन की टीम ने जांच के दौरान पाया कि पैर गलत तरीके से जुड़ गया है, जिसे दोबारा जटिल ऑपरेशन कर सही करना आवश्यक है। परिजनों को ऑपरेशन की प्रक्रिया एवं संभावित जोखिमों की जानकारी देने के बाद उनकी सहमति से शल्य चिकित्सा की गई। मई माह में डॉ. भरत निनामा एवं डॉ. अभिनव जैन की टीम ने सफलतापूर्वक जटिल ऑपरेशन किया। ऑपरेशन के दौरान एनेस्थीसिया की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी डॉ. महेश मौर्य ने निभाई। लगभग एक माह के उपचार एवं पुनर्वास के बाद गोरधन का पैर पूरी तरह ठीक हो गया। गोरधन और उनके परिजनों ने सफल उपचार के लिए चिकित्सकों एवं जिला चिकित्सालय की पूरी टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनकी प्रशंसा की।

# 70 की उम्र के बाद मिला सुरक्षा का भरोसा, 130 बुजुर्गों के हाथों में पहुंचा आयुष्मान कार्ड



कम्युनिटी हॉल में आयोजित शिविर में जनप्रतिनिधियों ने स्वास्थ्य योजनाओं की उपलब्धियां गिनाईं

नव भारत न्यूज

**रतलाम।** मध्यप्रदेश शासन के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य काश्यप के मार्गदर्शन में शनिवार को शहर के कम्युनिटी हॉल में आयुष्मान वय वंदना योजना के अंतर्गत कार्ड वितरण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न क्षेत्रों से आए 130 वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाकर उन्हें वितरित किए गए।

महापौर प्रहलाद पटेल ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में स्वास्थ्य, शिक्षा, आवास और अधोसंरचना के क्षेत्र में अनेक जनहितकारी योजनाएं लागू हुई हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और मंत्री चैतन्य काश्यप प्रदेश के विकास के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं तथा प्रधानमंत्री आवास योजना, सांदीपनी विद्यालय, संजीवनी क्लीनिक और आयुष्मान भारत योजना इसके प्रमुख उदाहरण हैं।

रतलाम विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष मनोहर पोरवाल ने कहा कि आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से पात्र नागरिकों को 5 लाख तक के निशुल्क उपचार की सुविधा मिल रही है, जिससे आम लोगों को बड़ी राहत मिली है। भाजपा जिला महामंत्री जयवंत कोठारी ने शिविर को वृद्धजनों के लिए सेवा का महत्वपूर्ण कार्य बताते हुए मेडिकल कॉलेज रतलाम में उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की भी सराहना की। सीएमएचओ डॉ. किरण वाडिवा ने बताया कि आयुष्मान भारत योजना के तहत 70 वर्ष या उससे अधिक आयु के सभी नागरिक पात्र हैं और उन्हें अपने नजदीकी केंद्र पर जाकर आयुष्मान कार्ड अवश्य बनवाना चाहिए, ताकि जरूरत पड़ने पर 5 लाख तक के निशुल्क उपचार का लाभ मिल सके।

कार्यक्रम में स्वागत भाषण मयूर पुरोहित ने दिया। शिविर के दौरान कॉमन सर्विस सेंटर संचालक अमित शाह, तरुण शर्मा, अंशुमन सोनी और विकास पुरोहित का आयुष्मान कार्ड निर्माण में योगदान के लिए जनप्रतिनिधियों ने सम्मान किया।

# पुलिस ने बंद मकान में चल रहे जुए के अड्डे पर मारा छापा, 7 जुआरी गिरफ्तार



नव भारत न्यूज

**रतलाम।** शहर में अवैध जुआ गतिविधियों पर शिकंजा कसते हुए माणकचौक थाना पुलिस ने एक मकान में चल रहे जुए के अड्डे पर छापा मारकर सात लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से 52 ताश की पत्तियां और 4,480 नकद जब्त किए गए हैं। सभी के खिलाफ मध्यप्रदेश पब्लिक गैम्बलिंग एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर अवैध जुआ और सट्टा गतिविधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पंद्रो तथा नगर पुलिस अधीक्षक सत्येंद्र घनघोरिया के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक विक्रमसिंह चौहान के नेतृत्व में विशेष टीम ने कार्रवाई की। पुलिस को सूचना मिली थी कि एक मकान के भीतर ताश के पत्तों से जुआ खेला जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने दबिश देकर मौके से सात लोगों को जुआ खेलते हुए पकड़ लिया।

गिरफ्तार आरोपियों में इकलाख उर्फ गोलू (27), जाहिद (21), फैजान (26), फहिम (25), साहिल (24), समीर (25) और अयान (23) शामिल हैं। सभी रतलाम शहर के विभिन्न क्षेत्रों के निवासी हैं।

इस कार्रवाई में उपनिरीक्षक शांतिलाल चौहान, प्रधान आरक्षक राजसिंह, आरक्षक अशरफ खान, मनोहरसिंह, अविनाश मिश्रा, हेमंत यादव, कुलदीप जाट और संदीप शर्मा की विशेष भूमिका रही। पुलिस का कहना है कि शहर में अवैध जुआ और सट्टा गतिविधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

## कांग्रेस ने निकाली विजय यात्रा, राहुल गांधी के समर्थन में लगे नारे



नव भारत न्यूज

**रतलाम।** राहुल गांधी के समर्थन और छात्रों-युवाओं के मुद्दों को लेकर रतलाम शहर कांग्रेस कमेटी ने शनिवार को शहर में विजय यात्रा निकाली। शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा के नेतृत्व में निकली यात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता और समर्थक शामिल हुए। यात्रा घास बाजार से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरते हुए अंबेडकर सर्किल पहुंची, जहां सभा का आयोजन किया गया।

रैली के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी के समर्थन में नारे लगाए और छात्रों तथा युवाओं से जुड़े मुद्दों पर केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध जताया। यात्रा घास बाजार से निकली। सभा को संबोधित करते हुए शहर कांग्रेस अध्यक्ष शांतिलाल वर्मा ने कहा कि राहुल गांधी लगातार छात्रों और युवाओं के अधिकारों की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि छात्रों के मुद्दों को लेकर दिल्ली के जंतर-मंतर पर हुए प्रदर्शन के दौरान उनके साथ कथित रूप से मारपीट की गई, जिसकी कांग्रेस निंदा करती है। विजय यात्रा में पारस सकलेचा, यास्मीन शेरानी, मयंक जाट, कमरुद्दीन कछवाया, आशा रावत, राजीव रावत, शांतु गवली, मेहमुद शेरानी, कुसुम चाहर, राजनाथ यादव कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## रेलवे पेंशनर्स पर्यटक यात्रा पर रवाना



**रतलाम।** ऑल इंडिया रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर फेडरेशन मंडल रतलाम के महिला पुरुष पेंशनर 60 सदस्य दल रविवार को प्रात: पर्यटक स्थल महेश्वर के लिए रवाना हुए। रवाना होने से पूर्व मंडल अध्यक्ष प्रकाश चंद्र व्यास महाप्रबंधक विष्णु सविता शर्मा वरिष्ठ सलाहकार विजय प्रकाश दुबे, मनोहर पचौरी ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया । इसके पूर्व कारगिल विजय दिवस के अवसर पर शहीद जवानों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर महिला समिति की प्रेमलता जैन, जया शर्मा, अवंता शर्मा, माया शर्मा, रीता दीक्षित, रमा श्रीवास, मनोरमा गहलोत, सीमा व्यास, सुधीरकांत दुबे, वीरेंद्रसिंह कुशवाहा, दशरथ शर्मा, बीरेंद्रसिंह यादव, कमलजीतसिंह, सुरेश वर्मा, अशोक दीक्षित, राजेंद्रसिंह झाला, डीआर वर्मा आदि उपस्थित रहे।

## घर में मिली महिला की लाश

**रतलाम।** जिले के ताल थाना क्षेत्र के ग्राम शेरपुर बुजुर्ग में 48 वर्षीय महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर मर्ग कायम कर जांच शुरू की। फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस के अनुसार ग्राम शेरपुर बुजुर्ग निवासी कृष्णाकुंवर (48) पति अरुणसिंह राजपूत शनिवार को अपने घर में मृत अवस्था में मिलीं। घटना दोपहर करीब 11 बजे से 3.45 बजे के बीच की बताई जा रही है। सूचना पर पुलिस ने मौके का निरीक्षण कर आवश्यक कार्रवाई की। मृतका के पुत्र पुष्पराज सिंह की सूचना पर ताल पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

## अज्ञात जानवर के काटने से बालिका की मौत

**रतलाम।** एक बालिका की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि उसकी मौत किसी अज्ञात जानवर के काटने से हुई है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार रीना (12) पिता प्रकाश पारगी, निवासी नया टापरा पलसोडी, शुक्रवार सुबह करीब 6 बजे मृत अवस्था में मिली। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा।

# जब मंच पर जीवंत हुआ भरथरी का वैराग्य, माच ने जगाई मालवा की सांस्कृतिक चेतना

दो दिवसीय माच समारोह का आगाज



नव भारत न्यूज

**रतलाम।** मालवा की समृद्ध लोकनाट्य परंपरा को नई पीढ़ी से जोड़ने के उद्देश्य से संस्कृति विभाग के त्रिवेणी कला संग्रहालय, उज्जैन एवं जिला प्रशासन रतलाम के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय माच समारोह का शुभारंभ शनिवार शाम शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय, सागोद रोड परिसर में हुआ। उद्घाटन दीप प्रज्वलन के साथ एल्डरमैन प्रभु नेका, राज्यपाल पुरस्कार से सम्मानित प्राचार्य सुभाष कुमावत, राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त शिक्षक डॉ. ललित मेहता, जिला नोडल एवं विकासखंड शिक्षा अधिकारी जीआर दड़िंग, अधीक्षक रतनसिंह डामोर, नवीन बोरिया एवं गोपाल बोरिया की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्राचार्य सुभाष कुमावत ने कहा कि माच केवल मनोरंजन नहीं, बल्कि मालवा की सांस्कृतिक विरासत, लोकजीवन और नैतिक मूल्यों का सशक्त माध्यम है। उद्घाटन के बाद जय माँ ब्राह्मणी माच मंडल, ग्राम चिकली के वरिष्ठ माचकार बाबूलाल देवड़ा एवं उनकी टीम ने 'राजयोगी राजा भरथरी' पर आधारित माच की प्रभावशाली प्रस्तुति दी। कलाकारों के दमदार अभिनय, मधुर गायन, प्रभावी संवाद, पारंपरिक वेशभूषा और लोकधुनों ने राजा भरथरी के वैराग्य और आध्यात्मिक जीवन की कथा को मंच पर जीवंत कर दिया। प्रस्तुति के दौरान दर्शक पूरे समय मंत्रमुग्ध रहे और कलाकारों की प्रस्तुति पर जमकर तालियां बजीं।

# शिक्षा संबंधी गंभीर समस्याओं को लेकर छात्र एवं खुला संवाद का आयोजन



**सैलाना।** छात्रों के साथ खुला संवाद और समस्याओं को लेकर आयोजित कार्यक्रम ओशिन परिसर में पूर्व विधायक हर्ष विजय गेहलोत के नेतृत्व में किया गया।शिक्षा के क्षेत्र में इस अनूठे प्रयोग को उपस्थित छात्रों ने काफी सराहा।

इस अवसर पर उपस्थिति छात्रों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक गेहलोत ने कहा कि शिक्षा के बिना जीवन अधूरा है इसलिए प्रत्येक छात्रों को अपने भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए सम्पूर्ण ध्यान शिक्षा पर लगाकर आगे बढ़ने का लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए।गेहलोत ने छात्रों से अनुरोध किया कि वह अपनी समस्याएं इस संवाद में खुलकर बताएं ताकि उसका समाधान करने के प्रयास कर सके। अनेक छात्रों ने मंच से अपनी जिज्ञासाओं को रखा। आयोजन में सुप्रसिद्ध शिक्षाविद एवं रतलाम के पूर्व विधायक पारस सकलेचा ने पेपर लीक,व्यापम परीक्षाओं में अनियमितता,रिजल्ट में देरी,युवाओं की होने वाली भर्तियां एन वक्त पर रद्द होने,महंगी परीक्षा फीस,दूर दराज में परीक्षा केंद्र से छात्रों पर आर्थिक बोझ,शिक्षा एवं रोजगार से जुड़ी समस्याओं पर संवाद से छात्रों को एक नई दिशा मिली। पूर्व मंडी अध्यक्ष शेखर गहलोत, एनएसयूआई जिलाध्यक्ष निलेश शर्मा, नप अध्यक्ष चैतन्य शुक्ला लक्की, सुशील मांडोत, सैलाना युवा विधानसभा अध्यक्ष हनी गहलोत, एनएसयूआई विधानसभा अध्यक्ष मोहित डामोर, उपाध्यक्ष अश्मित सिलावट, रावटी ब्लॉक अध्यक्ष दिनेश भूरिया, सैलाना ब्लॉक अध्यक्ष अजय निनामा, निलेश मईडा, अरविंद गहलोत, करन खराड़ी, गौरव कटारा सहित छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

## लायंस क्लब ऑफ अभिमा ने वृद्धाश्रम में किया पौधरोपण, जरूरतमंद छात्र की फीस भी भरी

**रतलाम।** लायंस क्लब ऑफ अभिमा ने सामाजिक सरोकार निभाते हुए अन्नपूर्णा वृद्धाश्रम परिसर में पौधरोपण, सेवा और शिक्षा सहयोग के विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए। क्लब सदस्यों ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए नीम, जामुन और शुगर प्लांट सहित कुल 10 पौधे लगाए तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

पौधरोपण के साथ क्लब ने वृद्धाश्रम के वरिष्ठजनों को स्वादिष्ट भोजन भी कराया। सदस्यों ने कहा कि समाज सेवा के ऐसे कार्य लोगों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने के साथ संवेदनशील समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।इसी सेवा अभियान के अंतर्गत स्मृति बाल मंदिर स्कूल के एक जरूरतमंद छात्र की 2,000 की विद्यालय फीस भी जमा कराई गई, ताकि आर्थिक अभाव के कारण उसकी पढ़ाई प्रभावित न हो। कार्यक्रम में क्लब अध्यक्ष सुपमा दवे, सचिव भारती राठौरी, शशि संघवी, सुनीता पाठक, संगीता पारिख सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने समाज सेवा, पर्यावरण संरक्षण और शिक्षा के क्षेत्र में निरंतर कार्य करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।

# छात्रों के आंदोलन का न हो राजनीतिक दुरुपयोग, राष्ट्रपति से की विदेशी फंडिंग की जांच की मांग





नव भारत न्यूज

**जावरा।** नीट परीक्षा में कथित पेपर लीक और अनियमितताओं का मामला अब सीधे राष्ट्रपति भवन तक पहुंच गया है। हिन्दू समाज की ओर से राष्ट्रपति को एक ज्ञापन सौंपा गया। इस ज्ञापन में जहां एक ओर नीट मामले की समयबद्ध और निष्पक्ष जांच की मांग की गई है, वहीं दूसरी ओर इन विरोध प्रदर्शनों की आड़ में की जा रही कथित राष्ट्रविरोधी गतिविधियों और धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले बयानों पर गहरी चिंता व्यक्त की गई है। ज्ञापन में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि नीट परीक्षा में यदि कोई अनियमितता हुई है, तो वह देश के लाखों मेहनती छात्रों के साथ अन्याय है। दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई होनी चाहिए। लेकिन, इसके साथ ही ज्ञापन में विरोध प्रदर्शनों के स्वरूप पर गंभीर सवाल खड़े किए गए हैं। राष्ट्रपति को भेजे गए पत्र में आरोप लगाया गया है कि नीट के मुद्दे पर हुए कुछ विरोध प्रदर्शनों के दौरान राष्ट्र की एकता, सामाजिक सौहार्द और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने की कोशिश की गई है। ज्ञापन में दावा किया गया है कि सार्वजनिक रूप से कुछ मंचों से भारत विरोधी नारे लगाए गए और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विरुद्ध नारेबाजी की गई। ज्ञापन में कहा गया है कि किसी भी लोकतांत्रिक विरोध का उद्देश्य छात्रों के हितों की रक्षा होना चाहिए, न कि समाज में वैमनस्य फैलाना या राष्ट्र की अखंडता को प्रभावित करना। पत्र के अंत में विश्वास जताया गया है कि राष्ट्रपति इस गंभीर विषय पर संविधान और कानून के अनुरूप उचित निर्णय लेते हुए संबंधित एजेंसियों को निर्देश प्रदान करेंगी।

## अच्छी बारिश व उत्तम फसल की कामना

**जावरा।** अंचल में जोरदार बारिश और किसानों की अच्छी फसल की मंगल कामना को लेकर अखिल भारतीय श्वेताम्बर महिला मंडल, जावरा द्वारा एक विशेष पंचतीर्थी धार्मिक यात्रा का आयोजन किया गया। इस दौरान महिला श्रद्धालुओं ने विभिन्न तीर्थ स्थलों पर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना की और ईश्वर से क्षेत्र की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की। मंडल की अध्यक्ष शकुंतला चपडोद, सचिव अलका मेहता और कोषाध्यक्ष सुनीता जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह धार्मिक यात्रा जावरा से प्रारंभ होकर महातीर्थ घिसोई पहुंची। घिसोई तीर्थ में विधि-विधान से भगवान की स्नात्र पूजा, पक्षाल पूजा व आरती संपन्न की गई। इसके पश्चात् यह यात्रा परासली, सितामऊ स्थित जैन मंदिर, मंदसौर के उसगरम मंदिर और अंत में मंदसौर के मुख्य जैन मंदिर के दर्शन करते हुए वापस जावरा लौटी।

**एक नजर में** मठ मंदिर से शुरू होकर शहर के प्रमुख मार्गों से गुजरी पावन यात्रा, हर तरफ दिखा उल्लास और उत्सव का माहौल

# जय जगन्नाथ के जयकारों से भक्तिमय हुआ शहर, श्रद्धालुओं ने खींचा भगवान का रथ



नव भारत न्यूज

**जावरा।** अंतर्राष्ट्रीय कृष्णभावनामृत संघ (इस्कॉन) के तत्वावधान में रविवार को जावरा शहर में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा भक्ति भाव के साथ निकाली गई।

जय जगन्नाथ के जयकारों और हरिनाम संकीर्तन की गूंज से पूरा शहर भक्तिमय हो गया। इस्कॉन के संस्थापक-आचार्य श्री श्रीमद् एसी. भक्तिवेदांत स्वामी श्रील प्रभुपाद की प्रेरणा से आयोजित यह रथ यात्रा दोपहर 3 बजे से प्रारंभ हुई।

शहर भर के श्रद्धालुओं ने चलो रथ यात्रा में, खींचे प्रभु का रथ और पाएं असीम कृपा के आह्वान पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई और भगवान का रथ खींचकर पुण्य लाभ अर्जित किया। रथ यात्रा मठ मंदिर से शुरू होकर बड़ा मालीपुरा, जवाहरपथ, पीपली बाजार, सोमवारिया, आजाद चौक, घंटाघर और बजाज़खाना होते हुए पुनः बड़ा मालीपुरा पहुंची। पूरे शहर के भ्रमण के पश्चात यात्रा का समापन मठ मंदिर (रपट रोड) पर ही किया गया।

### आगामी कार्यक्रमों से जुड़ने का आह्वान

पूरे यात्रा मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं द्वारा रथ का भव्य स्वागत किया गया और दर्शन के लिए लोगों की भारी भीड़ उमड़ी रही। आयोजन समिति द्वारा रथ यात्रा को पूरी तरह सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया गया। आयोजकों ने एक हेल्पलाइन नंबर और व्हाट्सएप क्यूआर कोड भी जारी किया था, जिसके माध्यम से स्थानीय लोगों को इस्कॉन के आगामी कार्यक्रमों की जानकारी प्राप्त करने और संस्था से जुड़ने का अवसर प्रदान किया गया।